दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 162 मुरादाबाद 07 October 2022 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## वाराणसी के नाटीइमली में भरत मिलाप लीला देखने उमड़ें लोग, काशिराज परिवार भी आरती करने के लिए पहुंचे

वाराणसी- कोरोना के कारण नाटीइमली का भरत मिलाप 2020 में स्थगित रहा तो पिछले साल परमिशन कारणों से सिर्फ औपचारिकता भर ही निभाई जा सकी थी। अबकी दो साल बाद छह अक्टूबर को पूरी भव्यता से भरत मिलाप लीला का मंचन किया गया। व्यवस्थापक मुकुंद उपाध्याय के अनुसार लीला दोपहर 2.30 बजे शुरू हुआ और 4.40 बजे चारों भाइयों का मिलन हुआ। इसमें काशिराज परिवार भी शामिल हुआ।



### लक्खा मेला में जय श्री राम का गूंजा उद्घोष

काशी के लक्खा मेलों में से एक नाटी इमली मैदान में ऐतिहासिक भरत मिलाप का आयोजन विजय दशमी के ठीक अगले दिन शनिवार को किया जा रहा है। सुबह से ही तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आयोजन समिति ने विश्व विख्यात आयोजन के लिए सुरक्षा सहित बैरिकेडिंग का जायजा लिया। आयोजन की तैयारियां पूरी होने के बाद दोपहर से नाटी इमली मैदान में भक्तों का हुजूम उमड़ा तो हर हर महादेव के साथ ही जय श्री राम का भी उद्घोष गूंज उठा। चारो भाइयों का परंपरागत रूप से मिलन का प्रसंग मंच पर हुआ तो समूची काशी निहाल हो उठी आयोजन के दौरान उत्?साह ऐसा कि लोगों को काबू करना भी मुश्किल होने लगा। आयोजन के दौरान श्रीराम चरित मानस पाठ के साथ ही चारों भाइयों के मिलन का प्रसंग पाठ श्रीचित्रकूट राम लीला के रामायणी दल ने किया तो ठीक 4=40 बजे चारो भाइयों का परंपरागत रूप से मिलन का प्रसंग मंच पर हुआ तो समूची काशी निहाल हो उठी। भरत मिलाप मैदान खचाखच आस्थावानों से भर गया तो प्रशासन ने और लोगों की एंट्री बंद कर दी मौका था चारों भाइयों के मिलन का। दोपहर बाद रथ नाटी इमली पहुंचा तो उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा। भरत मिलाप के मैदान आस्?था का कोई ओर छोर नजर नहीं आ रहा था। भरत और शत्रुघ्न भी लीलास्थल पर पहुंचे तो आयोजन की कड़ियां शाम चार बजे जुड़ गईं। भरत मिलाप मैदान पर श्री राम लक्ष्मण और माता जानकी के आते ही पूरा मैदान हर हर महादेव और जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। भरत मिलाप मैदान खचाखच आस्थावानों से भर गया तो प्रशासन ने और लोगों की एंट्री बंद कर दी।

### आकाशवाणी पर आंखों देखा हाल

नाटी इमली के भरत मिलाप का आंखों देखा हाल आकाशवाणी के वाराणसी केंद्र से सुनाया गया। इसे आकाशवाणी के यूट्यूब व एफएम चैनल पर भी सुन सकेंगे। इसके लिए लीला स्थल पर दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के पूर्व कुलपति प्रो. राममोहन पाठक, पांडुरंग पुराणिक व पवन कुमार शास्त्री मौजूद रहेंगे। प्रसारण शाम 3.45 बजे से अंत तक चला।

## थाईलैंड के चाइल्ड केयर सेंटर में अंधाधुंध गोलीबारी, 22 बच्चों समेत 34 की मौत



नई दिल्ली, एजेंसी। थाईलैंड में अंधाधुंध गोलीबारी की घटना में 34 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 22 बच्चे शामिल हैं। हमलावर ने फायरिंग के बाद खुद की भी जान ले ली। जिस वक्त हमलावर डे केयर सेंटर में घुसा, वहां करीब 30 बच्चे मौजूद थे। गनमैन ने पहले वहां के पांच स्टाफ पर फायरिंग की। वहीं कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में आज सोनिया गांधी ने भी हिस्सा लिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीते कई दिनों से इस पदयात्रा में भाग ले रहे हैं। कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा कश्मीर तक चलेगी। इस बीच आज यात्रा के दौरान राहुल ने कर्नाटक सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यहां कि सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। दूसरी ओर रूस यूक्रेन युद्ध कई प्रयासों के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नरम रुख के बावजूद अब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समझौते को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने खेरसान के भी कई इलाकों पर अब अपना कब्जा वापस ले लिया है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा ने पूर्व पुलिस अधिकारी द्वारा एक नर्सरी में गोलीबारी मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं। इस घटना में 30 से अधिक लोगों जान चले गई है। गोलीबारी के बाद आरोपी ने खुद की भी जान ले ली।तमिलनाडु के तिरुप्पुर में एक निजी अनाथालय में खाना खाने से 3 लोगों की मौत हो गई है। घटना में 8 लोग बीमार हो गए हैं। मामले में फूड पाइजनिंग का संदेह जताया गया है, हालांकि नैदानिक जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

## सोनिया गांधी के जूतों के फीते बांधते नजर आए राहुल, शशि थरूर बोले- मां तो मां होती हैं

नई दिल्ली, आनलाइन डेस्क- कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी कर्नाटक में गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के साथ पदयात्रा भी की। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी कभी अपनी मां के कंधे पर हाथ रखे नजर आए, तो कभी उन्होंने मां के जूतों के फीते खुलने के बाद उन्हें बांधा। सोनिया गांधी के जूतों के फीते बांधने वाली फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। लोग राहुल गांधी की तारीफ भी कर रहे हैं। शशि थरूर ने भी इस फोटो को शेयर किया। उन्होंने लिखा, मां तो मां होती है, उनका कोई तोड़ नहीं होता। सोनिया गांधी कर्नाटक के मांड्या में राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही इस पदयात्रा



में शामिल हुईं। सोनिया राहुल के साथ पैदल चलीं। भारत जोड़ो यात्रा आज कर्नाटक के पांडवपुरा से नागमंगला तालुक तक जाएगी। थरूर बोले- मां का कोई तोड़ नहीं होता वो साँस भी लेती है तो, उनमें भी दुआएं होती हैं माँओं का तोड़ नही होता, माएँ तो माएँ होती हैं !

### राहुल गांधी ने कहा मुझे गर्व है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फेसबुक पर कहा कि कांग्रेस अध्यक्षा, सोनिया गांधी जी ने हमेशा लोकतंत्र और सद्भाव को ही पार्टी की आधारशिला के रूप में सशक्त किया है। वह आज देश में उन्हीं मूल्यों की रक्षा के लिए चल रहीं हैं। मुझे गर्व है कि मैं उनके साथ चल रहा हूं।

### सोनिया गांधी ने फिर दिखाई सक्रियता

लंबे समय बाद सोनिया ने दिखाई सक्रियता सोनिया गांधी कांग्रेस की पदयात्रा में ऐसे वक्त पर शामिल हुईं, जब पार्टी में अध्यक्ष पद को लेकर घमासान मचा है। लंबे समय बाद सोनिया किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने पिछले कुछ चुनावों में प्रचार भी नहीं किया था। भारत जोड़ो यात्रा के शुरुआत के वक्त सोनिया गांधी विदेश में अपना इलाज करवा रही थीं। उस वक्त उनकी मां का भी निधन हो गया था। सोनिया के साथ प्रियंका और राहुल भी इटली गए थे। सोनिया कुछ दिनों पहले ही वह भारत लौटी हैं।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय इंटर कालेज में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- अकराबाद - गुरुवार को कस्बा के राष्ट्रीय इंटर कालेज में 75 वें अमृत महोत्सव पर जिला समन्वयक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फाउंडेशन के संरक्षक सुरेंद्र शर्मा की ओर से एक कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को फूलमालायं व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सुरेंद्र शर्मा ने आजादी की लड़ाई में देश की खातिर शहीद हुये बीर सैनानियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमंती विजय सिंह एवं उनके पति भाजपा वृज प्रांत के जिला उपाध्यक्ष ठा.श्योराज सिंह ने अमर शहीदों की प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अमर शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील गुप्ता द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक गोपाल कृष्ण उपाध्याय, प्रधानाचार्य डा.आर.एन. यादव, जिला विकास अधिकारी भरत कुमार मिश्रा, डा.विवेक उपाध्याय, प्रताप सिंह, ठा. धर्मवीर सिंह, अवधेश शर्मा, मोनू सिंह, डा.नरेंद्र पाल सिंह, सोनू जादौंन, दुर्गेश कुमार उपाध्याय, राम शब्द यादव, अरविंद कुमार, अरुण कुमार राघव, ज्ञानदेव गुप्ता, गोपाल रंजन, पूजा, मोनिका, अशोक कुमार शर्मा, डैनी पाठक एवं कार्यक्रम में आये सभी स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के परिजन मौजूद रहे।

# इंडियन केयर सोशल फाउंडेशन के सभी बच्चों नें महाराष्ट्र ताइक्कांडो नैशनल गेम में गोल्ड मेडल लाकर उत्तर प्रदेश का किया नाम रौशन



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- एसोसिएशन महाराष्ट्र पुणे द्वारा सेल्फ डिफेंस ताइक्कांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन महाराष्ट्र ग्लोबल यूथ गेम्स स्पोर्ट्स फाउंडेशन पुणे द्वारा सम्मानित किया गया।इंडियन केयर सोशल फाउंडेशन से गये 14 बच्चों नें सारे बच्चे मेडल लाये ताइक्कांडो चैंपियनशिप में पुणे में बच्चों नें बाजी मारी 26 गोल्ड मेडल 2 सिल्वर बच्चे लाए.लड़कियां रेफरी शिपिंग की पुणे में ,सुल्तान खान सोसाइटी के कोषाध्यक्ष नैशनल रेफरी.लड़कियों के कोच की भी बहोत सरहाना की गई इंडिया से कई स्टेट से गई टीम में इंडियन केयर सोशल फाउंडेशन की टीम नें गोल्ड मेडल में बाजी मारी ,सुल्तान सर की बेहतरीन ट्रेनिंग कीं सभी नें तारीफ की उनको भी सम्मानित किया गयाद्य ताइक्कांडो. जूडो कराटे, कुस्ती, पूमसे कई सपोर्ट गेम का आयोजन किया गया था जिसमें लड़कियों नें ताइक्कांडो. पूमसे में भाग लिया सभी मेडल लाये नवरात्रि त्योहार के चलते डांडियों महोत्सव भी रखा गया जिसमें बच्चों नें बहोत इंजॉय किया

# धनीपुर में क्षत्रिय समाज ने किया शस्त्र पूजन भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष उपस्थित रहे


लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह निजी कार्यालय धनीपुर शस्त्र पूजन किया गया इसमें क्षेत्र के सभी क्षत्रिय बंधुओं ने भाग लिया इस अवसर पर क्षत्रिय कुल भूषण महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित किया उसके बाद शस्त्र पूजन किया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष क्षत्रिय नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि प्रत्येक वर्ष दशहरा पर्व पर रावण दहन के बाद शस्त्र पूजन किया जाता है पूरे देश में समस्त क्षत्रिय समाज शस्त्रों की पूजा करता है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष क्षत्रिय नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने शस्त्र पूजन किया दीप प्रज्वलित किया मिष्ठान वितरण किया समस्त समाज के प्रमुख बंधुओं उपस्थित थे ठाकुर वीरपाल सिंह ठाकुर देवेंद्र पाल सिंह ठाकुर महिपाल सिंह ठाकुर सतपाल सिंह ठाकुर नरेंद्र पाल सिंह विक्की ठाकुर शेरू ठाकुर। विमल ठाकुर धीरज ठाकुर अनिल ठाकुर आदि क्षत्रिय समाज के प्रमुख व्यक्ति मौजूद थे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# राप्ती नदी ने मचाया तांडव जमुनहा बहराइच मार्ग हुआ बाधित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-राप्ती नदी के जलस्तर बढ़ने के कारण नदी तट के निकट गावो में निवास करने वाले ग्रामीणों के घर मे बाढ़ का पानी घुस गया है । जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त है , और लोग अपना आसियाना छत के ऊपर बना कर रहा रहे है , और खाना पानी भी दुस्वार है कुछ लोग अपने परिवार व जानवरों को लेकर सुरक्षित जगह पर जा रहे है । जबकि दैविक प्रकिया का प्रकोप इतना बढ़ा है कि नीचे से राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ रहा है और ऊपर से मूसलाधार बारिश हो रही है । राप्ती नदी का जलस्तर 129.00 पर पहुँचा। जो खतरे के निशान से 1 मीटर 30 सेमी ऊपर बह रही है । वही पर प्रशासन ने नदी तटीय गाँव मे हाई अलर्ट जारी कर दिया है और सुरक्षा की दृश्य से उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला ग्रामीणों के सहयोग के लिए बाढ़ क्षेत्र गांवों का जायजा ले रहे है , और थाना प्रभारी मल्हीपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल व पीएसी के गोताखोरों को बाढ़ क्षेत्रों में लेकर भ्रमण कर रहे है । और बराबर जनता के सहयोग में प्रसाशन जुटा हुआ है ।

# पारम्परिक तौर पर सम्पन्न हो रहा त्यौहार,घरों में किया गया पूजन अर्चना



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- विजयादशमी का महापर्व पारम्परिक तौर पर सकुशल सम्पन्न हो रहा है।ऐसे में वाराणसी के तमाम घरों में इसके विदाई स्वरूप पूजन अर्चन किया जा रहा है।विजय दसवीं के पर्व को बुराई पर अच्छाई के जीत का प्रतीक कहा जाता है।

# परंपरागत के अनुसार किया गया रावण का दहन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत परंपरागत तरीके से विजयदशमी में रावण दहन मनाया गया ग्राम पंचायत पटना के दशहरा कमेटी के पूर्व प्रधान कन्हैया सिंह ,संजय सिंह, राजेश सिंह ,राम प्रताप, सिंहं, प्रहलाद सिंह, व अन्य कमेटी के सदस्यों ने लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के प्रांगण में मनाया जाने वाला दशहरा रावण दहन को परंपरागत से बरामदे में बरसात होने के कारण मनाया गया तथा तहसील क्षेत्र के कई जगहों पर दशहरा मनाया गया और रावण दहन भी किया गया तुलसीपुर मे प्रांगण में भारी बरसात होने से जलभराव होने के कारण चौकी पर रावण का पुतला रखकर दहन किया गया ।

इस मौके पर दीपेंद्र गुप्ता व पवन कुमार व कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे वहीं पर तहसील जमुनहा बाजार के कई क्षेत्रों में रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हरीश गांधी , संतोष जायसवाल व अन्य दशहरा कमेटी के लोग मौजूद रहे ।

# अब पटरी न टूटती है और न चटकती, Railway की नई तकनीक आ रही काम, मालगाड़ी ने भी पकड़ी रफ्तार



मुरादाबाद - मौसम बदलते ही देश में जगह-जगह रेल लाइन चटकने या टूटने की खबरें आनी लगती हैं। लेकिन, बीते दो साल से इनमें कमी आई है। ये कमाल है रेल प्रशासन की ओर से बिछाई गईं नई हैवी पटरियों का, जिनके चलते पटरी अब टूटती या चटकती नहीं हैं। इससे ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ी है।

### सुरक्षित ट्रेन संचालन की देसी तकनीक

रेलवे ने सुरक्षित ट्रेन संचालन के साथ गति बढ़ाने के लिए रेलवे ने देसी तकनीक को स्वीकार कर लिया है। रेल मंत्रालय ने देश भर की पुरानी व कमजोर रेल लाइन को बदलने का आदेश दिया है। मुरादाबाद मंडल इसमें सफल साबित रहा है। मुरादाबाद मंडल में 22 सौ किमी रेल लाइन हैं सर्दियों में सबसे ज्यादा चटकती है पटरी वर्ष 2019 तक अधिकांश लाइन व स्लीपर बीस साल से अधिक पुराने थे। इसके चलते ट्रेनों को निर्धारित गति से चलाने में परेशानी होती थी। मौसम बदलने के साथ रेललाइन टूटना व चटकना शुरू होता था। सर्दियों में सबसे अधिक पटरी चटकने की घटनाएं होती थीं। इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती।

### कोरोना काल में लगाई गईं हैवी पटरियां

2020 में कोरोना में जब अधिकांश ट्रेनें बद थीं। केवल मालगाड़ी का संचालन हो रहा था, तब मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने स्टील अथारिटी के द्वारा निर्मित हैवी रेललाइन को मंगाना शुरू कर दिया और अधिकांश पुरानी पटरियों को बदलने में सफलता प्राप्त की।

### देखें दो साल में कितना आया अंतर

मुरादाबाद रेल मंडल में वर्ष 2019 में रेल लाइन 428 स्थानों पर चटकी व टूटी थी। लाइन बदलना शुरू होने के बाद रेललाइन चटकने संख्या घटकर वर्ष 2021 में घटकर 91 में रह गई। इस साल नौ माह गुजर चुके हैं और केवल 12 स्थानों पर रेललाइन चटकी है।

### मालगाड़ी की स्पीड भी बढ़ी

मुरादाबाद मंडल में 2090 किलो मीटर रेललाइन व स्लीपर बदलने का काम पूरा हो चुका है। चालू वित्तीय वर्ष में शेष 210 किलोमीटर बदलने का लक्ष्य है। लाइन बदलने के बाद औसत मालगाड़ी की औसत गति 30 किमी से बढ़कर 45 किमी प्रति घंटा हो गई।

### रेल दुर्घटनाएं भी कम हुईं

कोरोना से पहले प्रत्येक साल मंडल में रेललाइन के कारण प्रत्येक साल औसत पांच ट्रेन दुर्घटनाएं होती थी। इस साल रेललाइन के कारण एक भी दुर्घटना नहीं हुई है। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि मंडल में तेजी से रेललाइन बदलने का काम किया गया है। इससे ट्रेनों की औसत गति बढ़ गई है। मंडल में शेष 210 किमी पटरी बदलने का काम इस वित्तीय वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा।

# डिलारी में दिनदहाड़े घर से लाखों रुपये का माल चोरी

मुरादाबाद के डिलारी क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में दिनदहाड़े चोरों ने घर में घुसकर डेढ़ लाख की नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। गांव निवासी सत्यपाल परिवार के साथ दशहरा मेला देखने कस्बा डिलारी गया था। बुधवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे सूने घर की खिड़की तोड़कर चोर घर में घुस गए। कमरे की खिड़कियां एवं ताले तोड़कर अलमारी से डेढ़ लाख की नकदी समेत लगभग पांच लाख का सामान चोरी कर लिया। की चोरी कर ले गए। सात बजे सत्यपाल की पत्नी रीना लौटी तो घटना की जानकारी हुई। उसके शोर शराबे पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुरुवार को रीना ने दो लोगों के खिलाफ डिलारी पुलिस को नामजद तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# लाकडी फाजलपुर प्रधानमंत्री आवास के हैंड ओवर में फंसा पेंच



मुरादाबाद - लाकड़ी फाजलपुर प्रधानमंत्री आवास के हैंडओवर में विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों के पत्र ने रुकावट डाल दी है। विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों ने कहा कि जब तक एमडीए प्रधानमंत्री आवास के इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए सुरक्षा सर्टिफिकेट नहीं लेगा, तब तक हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी। लाकड़ी फाजलपुर में बने प्रधानमंत्री आवास की सप्लाई नगर वन बिजली घर से करने के लिए बिजली विभाग और एमडीए के बीच कागजी कार्रवाई शुरू हुई। काफी अभिलेख एमडीए ने बिजली विभाग को उपलब्ध भी करा दिए। पिछले सप्ताह हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होनी थी कि इसी बीच विद्युत सुरक्षा निगम की ओर से आए पत्र के बाद हैंडओवर के काम रुक गया। विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों की ओर से एमडीए को भेजे पत्र में हैंडओवर से पहले विद्युत सुरक्षा निगम से सर्टिफिकेट को अनिवार्य बताते हुए तत्काल इसकी औपचारिकता पूरी कराने को कहा। एक्सईएन प्रथम प्रमोद गोगनिया ने बताया कि हैंडओवर की प्रक्रिया के चलते एमडीए ने काफी अभिलेख दे दिए लेकिन सुरक्षा निगम की ओर से आए पत्र के चलते हैंडओवर का काम फिलहाल रूक गया है। जैसे ही सुरक्षा सर्टिफिकेट एमडीए से मिलेगा, उसके बाद तत्काल हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ थाना कुन्दरकी क्षेत्र का भ्रमण किया गया



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमंत कुटियाल द्वारा आज पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ थाना कुन्दरकी क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा संभ्रांत व्यक्तियों एवं शान्ति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ गोष्ठी आयोजित कर स्थानीय समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों एवं थाना पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात् जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बिलारी तहसील के अन्तर्गत राजा का सहसपुर का भी क्षेत्रीय भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण किया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेन्द्र सिंह, एसपी ग्रामीण, उप जिलाधिकारी बिलारी राज बहादुर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ठाकुरद्वारा में महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली



मुरादाबाद -मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में नगर के वार्ड-23 में माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। जो बाजार गंज, लाला हरिराम गली होते हुए घास मंडी कोतवाली के सामने होकर अग्रवाल सभा के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में सैकड़ों वैश्य समाज के श्रद्धालुओं एवं महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। सभी श्रद्धालु महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा की पूजा अर्चना करते चल रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, विशेष गुप्ता एवं धामपुर की पूर्व पालिका अध्यक्ष लीना सिंघल आदि रहे। आयोजन वैश्य समाज के युवा वर्ग द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिषेक अग्रवाल, नवनीत सिंघल, आशुतोष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, अनुराग सिंघल, कुशाल अग्रवाल, कुशाग्र सिंघल, तुषार अग्रवाल, माधव सिंघल, संजय सिंघल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हीरालाल एडवोकेट, रवि प्रकाश अग्रवाल, कमलेश कुमार अग्रवाल, संजीव कुमार सिंघल, संजीव कुमार सिंघल, अनुराग सिंघल, सुनील अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, डॉ. हरी कुमार, मुकेश अग्रवाल आदि दर्जनों लोग रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुमार सर्वेश कुमार सिंह को तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Goodbye Shekhar Joshi

The absence of famous story writer Shekhar Joshi is the creation of a void that will never be filled again. Even at the age of ninety, the discussion of him and his stories did not stop and will not stop. One of the story writers who will always be fondly remembered in Hindi literature, Shekhar Joshi was almost the last strong link of the Nai Kahaani movement. If his importance, experience and time is to be understood, then it has to be kept in mind that the storyteller Kamleshwar was his peer and Rajendra Yadav and Nirmal Verma were only three years older than him. Shekhar Joshi had seen a long period of time and had a treasure trove of the golden age of Hindi story. He had seen Allahabad, where stories on paper used to come to life. No wonder, as soon as he is gone, the bright names of at least two-three generations of Hindi story writers have come into the limelight. A decade and a half ago, in Allahabad, where Shekhar Joshi, Amarkant and Markandeya used to sit, there used to be a small literary conference. First went to Markandey and Amarkant, and now Shekhar Joshi. The tales of his good behavior and the visible aura of knowledge will surely remain for a few decades and people will proudly tell that we have seen a unique warrior of a new story. Shekhar Joshi's body had come down from the mountains at a young age, but his mind remained there and the same mind enriched literature by creating many classic stories. As soon as the name of Chandradhar Sharma 'Guleri' came, he had said that he remembered, in the same way as soon as the name of Shekhar Joshi came, he remembered Kosi's Ghatwar, which was published in 1958. Both are wonderful love stories, both have army roles and both do not have a lover-girlfriend marriage. Love is accomplished in both good behavior and sacrifice. Read both the stories, you will feel that literature keeps the society alive by shaking. True love is that, where the lover undertakes to reduce the dilemmas-problems of his beloved and is also ready to rob himself.

That was a phase of the new story, which gave strength to the progressive society. One can never forget Daju, another story by Shekhar Joshi. There is a sahib, who has come down from the mountain and he does not like that someone in his area calls him daju (elder brother), he likes to be called sahib, but we all have to pay the price for the society that is created by speaking sahib. are. Born in Oliagaon of Almora district, Shekhar Joshi never leaves his language, soil, behavior and emotion in his creations. Kosi Ka Ghatwar, People with him, Halwaha, Mera Pahad, Naurangi is sick (story-collection); The memory of a tree (vocabulary-collection) etc. are now the treasures of Hindi literature. Film-serials have also been made on his stories. There is a long list of awards he has received. His works have been translated into more than ten languages. Plays have been staged based on his stories. Not only the Pahari society, a proven pen of the factory worker society and the Indian middle class has also stopped, but their stories are with us, in which we will always be confronted with our problems and solutions.

# Subul's tears spilled, discussions to increase closeness with gracious

The audience is getting a double dose of entertainment in the Bigg Boss 16 show. On one hand, the content of the entanglements of the family members and guest entry of the celebs in the Bigg Boss house is entertaining the audience. Now the emotional drama of Subul is being seen in the new promo released by Colors. In the upcoming episodes, Subul will be seen crying while blaming the members of the house. Subul is unhappy with the family members - According to the released promo, Subul is seen crying in front of Sajid Khan, Abdu and Gori Nagori, saying that all the family members consider her an idiot, a child. She says, I am not small, everyone thinks that I just keep hopping here and there. - 'I will not cry now.' It is clear from this promo that there is going to be a lot of emotional drama in the Big Boss house tonight.



Abdu's fans' advice to Subul - This promo video has also received reactions from many fans of the show. Many fans are calling this crying video of Subul as fake and saying that Subul is not a tamarind show but a reality show. Another fan wrote, Subul should learn from Abdu, a joke has been made about his small stature in the house, yet he did not react. On the other hand, Subul's fans have supported him by talking about staying strong. A fan has written that despite being the youngest member in the house, Subul is a more intelligent contestant than many other members. Sumbul is trying to be Shehnaz - Manya - The last episode saw Sumbul's inclination towards Shaleen. This was felt by other members of the house as well. Due to this, Tina also asked Shaleen that what is cooking between Subul and you? Shaleen was shocked to hear this and said, what are you talking about, you are that child. Apart from Tina, Manya also told Subul that he is trying to be Shehnaaz and Siddharth of the show which he can never be. Manya further said that they were a real couple, they were even ready to give their lives for each other. But by acting they will never be able to show chemistry like them by becoming a reel couple.

# Ranbir Kapoor will immediately send Alia Bhatt to work after the birth of the baby, the reason will be surprised

Ranbir Kapoor and Alia Bhatt are one of the cutest couples in Bollywood. Both got married in April and soon both of them are going to start a new chapter of life. Soon both will become parents. Alia is also doing a lot of work in pregnancy. During this he shot, promoted films. Not only this, he has also launched maternity products from his brand. Alia has also said that she will return to work soon after the birth of the baby. At the same time, Ranbir also has the same plan. He wants Alia to return to work soon after baby. In an interview to CNBC, Alia said that Ranbir wants to return to work soon after the birth of the baby. She said that Ranbir is very happy and says baby you have to start work from this month itself. I'll take some time out for baby so you can go to work. I will come from work then you go to work. Alia also said that Ranbir is happy to share the responsibility of the baby. Not only this, Ranbir himself says that I have a huge responsibility in my mind to send Alia back to work after the baby is born. The reason for this is that if not the fans will complain and consider me responsible, so I want to fulfill the duty of parents equally. Alia's Baby Shower- Let us tell you that Alia's baby shower was on Wednesday. Family and close friends were involved during this. Ranbir Kapoor's mother Neetu and sister Riddhima Kapoor also reached. The baby shower took place in a traditional way and during this time Alia wore a yellow colored suit in which she looked very beautiful.



# पुजारी को मरणासन्न कर 82 हजार रुपये लूटे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - जैथरा, - मंदिर पर सो रहे पुजारी पर लुटेरों ने हमला कर दिया। विरोध करने पर पिटाई कर खेत में फेंक दिया। बदमाश मंदिर से 82 हजार रुपये नलूट ले गए। घायल पुजारी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बदमाशों की पिटाई से उनकी तीन पसली टूट गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जैथरा निवासी उमेश चन्द्र शर्मा पंचवटी आश्रम जरारी रोड पर रहते हैं और आश्रम में बने मंदिर में बीस साल से पूजा कर रहे हैं। इनके साथ दो शिष्य भूरा निवासी छोटी जरारी, एक अन्य भी रहते है। रात में दोनों शिष्य श्रीराम लीला देखने गए थे। आश्रम पर पुजारी उमेश चन्द्र शर्मा अकेले थे।

बेटा राजेश पांडेय के अनुसार दो से तीन लुटेरे मंदिर पर पहुंचे और मंदिर में लूटपाट शुरू कर दी। उनसे सोने-चांदी के आभूषण मांग रहे थे। जब उन्होंने मना किया तो लुटेरों ने तमंचा की बट से सिर और शरीर पर वार किए गए। आंखों के आस-पास काफी चोट के निशान हैं। बदमाश कमरे की चाबी लेकर अंदर घुस गए और 82 हजार की नकदी लूट ले गए। रात करीब 1230 बजे शिष्य भूरा आश्रम पर पहुंचा तो चारपाई पर पुजारी को नहीं थे। शिष्य ने तलाश किया और आवाज लगाई। पुजारी खेत पर पड़े मिले। मामले की जानकारी पुलिस, घरवालों को दी। घरवालों ने स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया। होश न आने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। मेडिकल कॉलेज में पुजारी का इलाज चल रहा है। मामले में फिलहाल तहरीर नहीं दी है। बताया जा रहा है कि जमीन को लेकर भी कुछ विवाद है।

# मैक्स,कैंटर और ट्रैक्टर ट्रॉली में ना बैठने की कर रही है अपील

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा की जलेसर पुलिस ने शासन के निर्देश पर गांव गांव जाकर समझा रही ग्रामीणों को मैक्स,कैंटर और ट्रेक्टर ट्रॉली में ना बैठने की कर रही है अपील, ट्रैक्टर ट्रॉली कैंटर मैक्स में सवारी ना करें यात्रा,पुलिस ने ग्रामीणों को दी सख्त चेतावनी, कानपुर में हुई गंभीर दुर्घटना के बाद हुई मौतों के उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए थे कड़े निर्देश, शाशन के निर्देश के अनुपालन में थाना जलेसर पुलिस गांव गांव जाकर ग्रामीणों से कर रही है आह्वान, ट्रैक्टर ट्रॉली, मैक्स, ट्रक ,कैंटर आदि में सवारी ना करने के दिये निर्देश, इस दौरान थाना जलेसर पुलिस ने ग्राम सालवाहन पुर में बैठक कर ग्रामीणों को आगाह किया गया,वही सुरक्षा को दृष्टिगत इन वाहनों में सवारी ना करें, इस दौरान जलेसर थाना प्रभारी जगदीश चंद्र, निरीक्षक अपराध सत्यवीर सिंह सहित भारी पुलिस बल रहा मौजूद

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - महिला की मौत पर मायके वालों ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। कुछ महीने पहले महिला ने कोर्ट मैरिज की थी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले में तहरीर नहीं मिली है। थाना पिलुआ के गांव गढ़वाला निवासी नीतेश कुमारी( 28 ) पत्नी राजकुमार की मंगलवार रात को संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। सुबह थाना अवागढ़ के गांव नगला वाले के मायके वालों को सूचना मिली। सूचना पर वह बेटी के ससुराल पहुंचे। बाहर नीतेश कुमारी का शव पड़ा मिला। मां सुनीता का आरोप है कि पति राजकुमार, सास आएं दिन बेटी को प्रताड़ित करते थे। किसी न किसी बात को लेकर परेशान करते थे। मां ने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

मां ने बताया कि पांच साल पहले बेटी नीतेश कुमारी को पहला पति प्रताड़ित करता था। बेटी को अपने साथ ही रखने लगे थे। एक साल तक बेटी को मायके में रखा था। करीब चार माह पहले बेटी की शादी राजकुमार निवासी गढ़वाला पिलुआ के साथ कराई थी। यह भी बेटी को प्रताड़ित करता था। मां ने बताया कि कॉल करके बेटी ससुरालीजनों के उत्पीड़न की जानकारी देती थी। एसएसआई पिलुआ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि मामले में तहरीर नहीं आई है। गले पर कुछ निशान दिख रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्राचीन चंडी देवी मंदिर के मैदान मे मैले का आयोजन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -कासगंज।पटियाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरदोली में हर साल की भांति इस साल भी प्राचीन चंडी देवी मंदिर के मैदान मे मैले का आयोजन किया गया जिसमें दशहरे के मौके पर दंगल,दौड़, रावण वध जैसे कार्यक्रम कराएं गये जिसमें दंगल का शुभारंभ ठाकुर धर्मवीर सिंह अध्यक्ष क्रयविक्रय गंजडुंडवारा व ब्लाक प्रमुख गंजडुंडवारा पति लटूरी सिंह ने फीता काटकर किया इस मौके पर क्षेत्र से हजारों लोग कुश्ती दौड़ देखने आए इस मौके पर प्रधान धर्मेन्द्र भुजपुरा,देवराज सिंह यादव अध्यक्ष क्षेत्र सहकारी समिति गंजडुंडवारा, प्रधान जगवीर यादव, प्रधान प्रथ्वीपाल लोनिया,प्रदीप यादव,मैला कमेटी मुन्नालाल सिंह,सुकेश सिंह,विनोद सिंह, पूर्व प्रधान हरिपाल सिंह, बुधपाल सिंह,रेफरी ब्रजभान सिंह उर्फ गुड्डू पहलवान व केशव पाठक,यशवीर सिंह,डां सुनील चौहान, राजेश सिंह,संजू सिंह, कुलदीप सिंह उर्फ कुल्लन, अवनीश गुप्ता, ललित मिश्रा,विमल चौहान, अवनीश मिश्रा,विमल सिंह,छोटे सक्सैना,रामू सक्सैना,हसीन खान, आशीष डीलर,सुशील सिंह,रिंकू सिंह,आदि लोग मौजूद रहे प्रथम कुश्ती नरेन्द्र निबराऊआ व अनुप शेरपुर में हुई जिसमें अनुप शेरपुर जीती, उन्हें ईनाम में 2100 रू एक बाल्टी दूसरी कुश्ती मोनू अंमापुर व अवनीश सिकन्दरपुर में हुई जिसमें अवनीश सिकन्दरपुर जीते जिन्हें ईनाम में 1800 एक बाल्टी तीसरी कुश्ती रिंकू हाथरस व जीतू रिजौला में हुई जिसमें जीतू रिजौला जीते जिन्हें ईनाम में 1500 रू एक बाल्टी

# सरकार के तुगलकी फरमान के विरुद्ध 10 को कलेक्ट्रेट पर व्यापक रणनीति तैयार कर एटा नगर कोतवाली का घेराव किया जाएगा


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - खेतों की तार बाउंड्री सहित ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर यात्रा करने पर बैन लगाने जैसे सरकार के तुगलकी फरमान के विरुद्ध 10 को कलेक्ट्रेट पर व्यापक रणनीति तैयार कर एटा नगर कोतवाली का घेराव किया जाएगा अतिशीघ्र हजारों ट्रैक्टरों में किसानों की बड़ी उपस्थिति में कलेक्ट्रेट पर महापंचायत की जाएगी अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले विकासखंड मारहरा के गांव आसेपुर में किसानों की क्षेत्रीय पंचायत आयोजित की गई उक्त पंचायत में संगठन के कई गांव के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने पंचायत कर रणनीति बनाते हुए तय किया कि राज्य एवं केंद्र सरकार लगातार किसान मजदूरों के विरोध में निर्णय लेने का कार्य कर रही है सरकारों में बैठे लोगों ने पता नहीं किस मानसिकता के लोगों को अपना सलाहकार बना लिया है जो निरंतर किसान, मजदूर, नौजवान, बेरोजगारों के विरुद्ध अपनी रणनीति के तहत सलाह देकर किसान मजदूरों के खिलाफ सरकार द्वारा निरंतर निर्णय लिए जा रहे हैं वहीं एक तरफ अखिल भारतीय किसान यूनियन जैसे उत्तर प्रदेश के कई प्रमुख किसान संगठन निराश्रित गोवंश सहित आवारा जंगली जानवरों से किसानों की खेती को बचाने के लिए निरंतर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे हैं वहीं सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा कई बार सार्वजनिक रूप से इस समस्या के समाधान कराने का आश्वासन दिया गया था कुछ बेवकूफ टाइप के सलाहकारों की सलाह के बाद सरकार ने किसानों द्वारा अपने निजी संसाधनों से अपने खेतों की तार बाउंड्री करा अपनी फसलों को बचाने का काम किया गया है सरकार ने उक्त तार बाउंड्री को हटाने का सख्त निर्देश देते हुए किसानों पर मुकददमा पंजीकृत कराने का आदेश दिया है वही कानपुर में हुए ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर पूरे प्रदेश में कारों बस आदि कंपनियों के पूंजीपति उद्योगपतियों के निजी स्वार्थ को दृष्टिगत रखते हुए सरकार में बैठे कुछ लोगों ने सूबे की सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी को गुमराह करते हुए ट्रैक्टर की ट्रॉली में यात्रा करने वाले गरीब मजदूर किसान शोषित वंचित समाज के उन तमाम नागरिकों की यात्राएं प्रतिबंधित करते हुए बड़ा जुर्माना लगाने का आदेश दिया गया है जिसके तहत पूरे प्रदेश में पुलिस के द्वारा किसानों का उत्पीड़न शुरू कर दिया गया है जबकि सच्चाई है कि गरीब मजदूर किसान मंदिरों में नेजा चढ़ाने से लेकर पूर्णमासी, अमावस्या, दशहरा आदि अवसरों पर गंगा स्नान सहित गमी मौत, शादी, विवाह में बाजार एवं मंडी समिति में खाद्यान्न, फल, सब्जी आदि की बिक्री के समय एक ही ट्रैक्टर में कई किसान अपने माल को लादकर कई कई किसान एक साथ अपने माल की बिक्री करने के लिए अक्सर बाजारों में जाते हैं आकस्मिक कोई भी दुर्घटना होने पर किसान मजदूर अधिकांशतः गांव में खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर दिन या रात्रि में किसी भी समय यात्राएं करने का काम करते हैं गांव देहात में रहने वाले गरीब तबके के लोग ट्रैक्टर ट्रॉली अक्सर प्रयोग करते है आज के समय में एक हादसे को उदाहरण बनाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पर रोक लगाना सही नहीं है अगर हादसों की बात करें तो देश में तमाम बार बस, कार, मोटरसाइकिल, रेल आदि में कई बार हादसे हुए हैं वही देश में हवाई जहाज के भी हादसे हुए हैं क्या कभी प्रदेश और देश की सरकार ने इन सभी संसाधनों को बैन करने का काम किया

# दशहरे के उपलक्ष में आज अपने आवास पर हवन किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - ब्राह्मण समाज एटा के अध्यक्ष अखिल दीक्षित ने आज अपने आवास पर दशहरा के उपलक्ष में ब्राह्मण कुल के प्रकांड विद्वान रावण दशहरे के उपलक्ष में आज अपने आवास पर हवन किया जहां बहुत से ब्राह्मण उपस्थित थे श्री अखिल दीक्षित ने बताया कि चारों वेदों के ज्ञाता महान विद्वान एवं तीनों लोगों के विजेता महान शिव भक्त लंका घोष एवं उस समय के प्रकांड विद्वान एवं वैज्ञानिक ब्राह्मण कुल में पैदा हुए रावण के विषय में उपस्थित ब्राह्मण जनों को विस्तार से बताया तातीजा एक और आज दशहरा के उपलक्ष में देश-विदेश में रावण दहन का कार्यक्रम चला है वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज ने उनकी स्मृति में यह हवन का आयोजन किया इस अवसर पर विकास शर्मा सुमित उपाध्याय अंशुल उपाध्याय विवेक शर्मा राजेश पाठक आदि लोग उपस्थित रहे

# आये हम सब मिलकर अपने अंदर के रावण को मारे -वीरेंद्र सिंह बघेल

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही - प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल ने कहां है की हम बाहर रावण का पुतला तो जलाते है लेकिन अंदर उसे पोषित करते है। वो तो सतयुग था जिसमें केवल एक रावण था जिसपर भगवान राम ने विजय प्राप्त की। यह तो कलयुग है जिसमे हर घर में रावण है। इतने रावण पर विजय प्राप्त करना मुश्किल है। विजयादशमी बहुत ही शुभ और ऐतिहासिक पर्व है। लोगो को इस दिन अपने अंदर के रावण पर विजय प्राप्त कर हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाना चाहिए। जिस प्रकार एक अंधकार का नाश करने के लिए एक दीपक ही काफी होता है वैसे ही अपने अंदर के रावण नाश करने के लिए एक सोच ही काफी है। ना जाने कई सदियों से पूरे देश में



रावण का पुतला हर साल जलाकर दशहरे का त्यौहार मनाया जाता है। अगर रावण की मृत्यु सालों पहले हो गयी थी तो फिर वो आज भी हमारे बीच जीवित कैसे है? आज तो कई रावण हैं। उस रावण के दस सिर थे लेकिन हर सिर का एक ही चेहरा था जबकि आज के रावण का सिर एक है पर चेहरे अनेक हैं, चेहरों पर चेहरे हैं जो नकाबों के पीछे छिपे हैं। इसलिए इनको खत्म करने के लिए साल में एक दिन काफी नहीं है इन्हें रोज मारना हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। उस रावण को प्रभु श्रीराम ने धनुष से मारा था, आज हम सभी को राम बनकर उसे संस्कारों से, ज्ञान से और अपनी इच्छा शक्ति से मारना होगा। दशहरा के त्यौहार के दिन मां दुर्गा की पूजा होती है और भारत के विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े मैदान में रावण के बड़े-बड़े पुतले बनाए जाते हैं जैसे भगवान राम की वेशभूषा में लोग तीर धनुष के सहारे आग लगाते हैं और उसके बाद रावण के अंदर रखा हुआ पटाखा फूटता है और बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लोग नाचते हुए इस त्यौहार का आनंद उठाते है। हर साल दशहरा का त्यौहार मां दुर्गा की पूजा और रावण की प्रतिमा के अंत से मनाया जाता है मेरी तरफ से जिला प्रदेशवासियो को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं

# मा0 राज्यसभा सांसद श्री मिथिलेश कुमार कठेरिया जी को किया सम्मानित





विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- आज जनप्रिय लोकप्रिय नेता मा0 राज्यसभा सांसद श्री मिथिलेश कुमार कठेरिया जी को भारत सरकार की उद्योग मंत्रालय व पेट्रोलियम एवम् प्राकृतिक गैस मंत्रालय की स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य नामित किये जाने पर आज प्रात: मा0 सांसद जी के आवास कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख खुटार श्री नमित दीक्षित जी, जिला महामंत्री भाजयुमो श्री विजय शंकर अवस्थी जी, जिला मंत्री श्री प्रशांत पटेल जी, प्रधान श्री तरुण दीक्षित जी , श्री उत्पल अवस्थी जी, श्री प्रशांत वर्मा जी आदि सम्मानितजनों ने पहुंचकर मा0 सांसद जी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मा0 राज्यसभा सांसद श्री मिथिलेश कुमार कठेरिया जी ने शुभकामनाएं देने आए सम्मानित जनों को इस अपार स्नेह हेतु बहुत-बहुत हार्दिक धन्यवाद दिया।

# तीन माह तक चलने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आज से शुरू -मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किया शुभारंभ

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही -विधायक डॉ के के ध्रुव ने निमधा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में गेड़ी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर और स्वयं गिल्ली डंडा खेल कर किया शुभारंभ

खिलाड़ियों को बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए नई ऊंचाइयों तक पहुंचने विधायक ने दी शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बाटी, भंवरा, गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली सहित 14 परंपरागत खेल हैं शमिल

कलेक्टर के दिशा निर्देशन में जिले के सभी राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आज से शुरू हुआ





छत्तीसगढ़िया ओलंपिक गौरेला पेंड्रा मरवाही- छत्तीसगढ़ के सभी परंपरागत खेलों को राज्य स्तर पर मंच उपलब्ध कराने और युवाओं में इन खेलों के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए 3 माह तक चलने वाले छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जहां राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम से इसका वर्चुअल शुभारंभ किया, वहीं जी पीएम जिले में मरवाही विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ के के ध्रुव ने ग्राम पंचायत निमधा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में गेड़ी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर और स्वयं गिल्ली डंडा खेल कर इसका शुभारंभ किया। विधायक डॉ के के ध्रुव उद्घाटन समारोह में कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया खेलों को बढ़ावा एवम एक नई पहचान दिलाने के लिए सराहनीय पहल किए हैं। विधायक ने जिले के खिलाड़ियों को आपसी भाईचारे और खेल भावना से खेलते हुए जिले का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि यह जिले के खिलाड़ियों के लिए अच्छा अवसर है। खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का भरपूर उपयोग करते हुए राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं। राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव ने भी छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की तारीफ करते हुए खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के बारे में जानकारी दी और खिलाड़ियों को एक दूसरे का सहयोग करने और खेल नियमों का पालन करते हुए जिले और देश-प्रदेश का नाम रौशन करने शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 का आयोजन चरणबद्ध तरीके से आज 6 अक्टूबर से शुरू हो कर 6 जनवरी तक चलेगा। इसका आयोजन ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ की 14 पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है। दलीय खेलों में गिल्ली डंडा, पिटटूल, संखली, लंगडी दौड़, खो खो, कबड्डी, रस्सा कसी एवं बाटी और एकल खेलों में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद शामिल है। कलेक्टर के दिशा निर्देशन में आज जिले के सभी राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का विधिवत शुभारंभ हुआ। क्लब स्तर पर यह आयोजन 11 अक्टूबर तक चलेगा। ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत ( डीआरडीए ) के परियोजना निदेशक श्री आर के खूंटे, अनुविभागी आधिकारी राजस्व श्री देव सिंह उइके, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री अजय राय, सरपंच निमधा श्री गुलाब सिंह आर्मो, श्री मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, स्थनीय जनप्रतिनिधि एवम ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


फाइल फोटो पूनम भारती

खुटार शाहजहांपुर- क्षेत्र के गांव सलनहा निवासी पूनम भारती की वुधवार संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गई, मायके वालों ने उसके पति पर तेजाब पिलाने का आरोप लगाया है, हालांकि महिला ने कई महीने पूर्व पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी उसकी शादी खुटार क्षेत्र के गांव हरनाई निवासी एक व्यक्ति से करीब 8 बर्ष पूर्व हुई थी और कई महीने से उसका पति नेपाल आने जाने लगा और उसके वही की रहने वाली एक लड़की के साथ उसके प्रेम संबंध हो गए और कुछ महीने बाद वह उसे लेकर घर आ गया, और जब उसने उसका विरोध किया तो उसके पति और नेपाल की रहने वाली लड़की ने मारा पीटा और उसे जबरन तेजाब पिला कर उसके मायके छोड़ गया, हालत बिगड़ने पर महिला को खुटार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने जिला रेफर कर दिया और वहां से उसके परिजनों ने लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई महिला के दो छोटे छोटे बच्चे भी बताए जा रहे हैं जो पति के साथ ही रहते हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एक दिवसीय जिला स्तरीय सार्वजनिक दशई करमा महोत्सव आज

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-एक दिवसीय जिला स्तरीय सार्वजनिक दशई करमा महोत्सव 7 अक्टूबर 2002 दिन शुक्रवार समय 10ः00 बजे से सायं रात्रि कालीन तक ग्राम पंचायत सालही मनवारपारा मिडिल स्कूल ग्राउंड में कार्यक्रम रखा गया है।सार्वजनिक दशई करमा सेवा समिति के अध्यक्ष पुरन प्रसाद सिंह आयाम ने बताया की करमा हमारी पुरखों की संस्कृति हैं जिसे जिंदा रखने के लिए हम कार्यक्रम माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं ।उन्होंने आगे क्षेत्र के लोगों से अपील किया है की अधिक से अधिक जनसंख्या में करमा महोत्सव को देखने आए ।कर्मा समिति के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा । कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक ,जनप्रतिनिधि ,कर्मचारी अधिकारी, समाजसेवी, पत्रकार बंधु अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे कार्यक्रम में सभी अपनी वेशभूषा पहनकर एवं किसी प्रकार का मादक , पेय पदार्थ लेकर ना आवे ।

# जीवों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक: नुक्कड नाटक से वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के तत्वावधान में चलाए जा रहे वन्य जीव संरक्षण सप्ताह के दौरान महुली बिहारपुर मोहरसोप वन कार्यालय में 06 अक्टूबर 2022 को नुक्कड नाटक माध्यम से लोगों को वन्य जीवों की सुरक्षा तथा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया 7 अक्टूबर को कुदरगढ़ ओडगी वन विभाग कार्यालय में दिखाया जाएगा। वहीं इस अवसर पर मेवालाल पटेल व ललित साय पैकरा द्वारा वन्य जीवों के प्रति दया व संरक्षण के लिए नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। बिहारपुर वन परीक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि वन्य जीवों के संरक्षण में ग्रामीणों की भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर वन कर्मी अभिमन्यु सिंह सूर्यभान सिंह संजय कुमार मुरारीलाल टोप्पो विपिन कुमार प्रहलाद सिंह अन्य वन कर्मी व ग्रामीण जन उपस्थित थे

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ 1 गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाना प्रभारी भटगांव को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति देशी कट्टा एवं कारतुस लेकर भटगांव से जरही की ओर जा रहा है। सूचना से पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू को अवगत कराया गया जो उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस टीम के द्वारा भटगांव मिशन चौक पर घेराबंदी कर दिनकर सिंह पिता स्व. कामेश्वर सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 10 भटगांव को पकड़ा गया जिसके कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर एवं जिंदा कारतुस 06 नग जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई सी.पी.तिवारी, प्रधान आरक्षक संजय कुमार, आरक्षक रजनीश पटेल, मनोज जायसवाल, कमलेश्वर सिंह, मिथलेश गुप्ता, प्रहलाद पैंकरा, प्रकाश साहू व मोहम्मद नौशाद सक्रिय रहे।

# ग्राम हिटौटा पूरी नही हुई जांच कि किसके इशारे पर गिराए गए थे गरीबों के घर

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





खुटार शाहजहांपुर- ब्लॉक के ग्राम हिटौटा में हाईवे किनारे जेसीबी से गरीब के कई घरों को तोड़ने का मामला ठंडे बस्ते में डालकर निपटने की कोशिश की जा रही है अभी तक जांच में पता नहीं चल सका है कि आखिर घर किसके इशारे पर गिराए गए हैं, हिटौटा शुक्रवार को अकील अहमद, अशफाक ,शमशाद अतीक घरों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया था, पीड़ितों का कहना था की प्लाटिंग करने वाले व्यक्ति के व किसी विपक्षी नेता के इशारे पर करवाई गई थी जबकि वह लोग 20 वर्ष से यहां रह रहे हैं रविवार को अधिकारियों के संज्ञान में मामला आया तो उन्होंने जांच करने की बात कही पुलिस और राजस्वकर्मी में कोई यह नहीं बता पा रहे हैं कि किसके इशारे व आदेश पर यह कार्रवाई की गई है मंगलवार को नायब तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने मौके पर जा कर पीड़ितों के बयान लिए थे, उसके बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो सका , कि किसके कहने पर घरों को गिराया गया है। शुक्रवार को घर गिरने के बाद रविवार को एसडीएम हिमांशु उपाध्याय के संज्ञान में मामला आया तो रोने खुटार थाना प्रभारी और लेखपाल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था नोटिस में 3 दिन का समय दिया गया था जो पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक कहीं से जवाब नहीं मिल रहा है एसडीएम का कहना है कि नायब तहसीलदार को जांच रिपोर्ट शुक्रवार को मिलने की उम्मीद है पुलिस और लेखपाल का जवाब भी जल्द मिल जाएगा इसके बाद स्थिति स्पष्ट होने पर जवाब देही स्पष्ट होने पर सम्बन्धिन के खिलाफ कठोर कार्यवाही जाएगी।

# सूरजपुर जिले के 1 प्रधान आरक्षक पदोन्नत होकर बने एएसआई

## पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने स्टार लगाकर दी पदोन्नति



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले में कार्यरत प्रधान आरक्षक सिप्रियन टोप्पो एएसआई के पद पर पदोन्नत हुए। गुरूवार, 06 अक्टूबर 2022 को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने स्टार लगाकर इन्हें सहायक उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की। पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत एएसआई के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें निष्ठा व ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने कहा।

इस दौरान डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, स्थापना प्रभारी पंकज नेमा, सहित जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिलाप्रशिक्षणवर्ग युवामोर्चा के निमित कार्य योजना बैठक का आयोजन किया गया

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



खुटार शाहजहांपुर- खुटार आशीर्वाद पैलेस पहुँचकर आगामी 12 अक्टूबर को जिलाप्रशिक्षणवर्गइयुवामोर्चा के निमित कार्य योजना बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में प्रशिक्षण वर्ग के निमित सभी व्यवस्थाओं के विषय में चर्चा कर विभिन्न कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं के लिए अधिकृत किया गया, जिसमे क्षेत्रीयइप्रवासी एवं क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य श्री अग्रवीर गुर्जर जी व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा श्री रोहित सिंह जी ने मार्गदर्शन दिया बैठक में भाजयुमो महामंत्री विजयशंकर अवस्थी व अन्य लोगों सहित समस्त जिला पदाधिकारी बैठक मौजूद रहे।

# पारम्परिक तौर पर मनाया गया दशहरा का महापर्व, लोगो ने कही यह बात

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- समाजसेवी/ग्राम प्रधान सुषमा गिरी ने बताया कि दशहरा (विजयादशमी या आयुध-पूजा) एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिन्दू त्यौहार है जो पूरे भारत के लोगों के द्वारा हर साल बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।ये पर्व अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। ये एक धार्मिक और पारंपरिक उत्सव है। ऐतिहासिक मान्यताओं और प्रसिद्ध हिन्दू धर्मग्रंथ रामायण के अनुसार ऐसा उल्लिखित है कि भगवान राम ने रावण को मारने के लिये देवी चंडी की पूजा की थी।लंका के दस सिर वाले राक्षस राजा रावण ने अपनी बहन शूर्पणखा की बेइज्जती का बदला लेने के लिये राम की पत्नी माता सीता का हरण कर लिया था।तब से जिस दिन से भगवान राम ने रावण को मारा उसी दिन से दशहरा का उत्सव मनाया जा रहा है। वही भाजपा की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋचा सिंह ने बताया कि दशहरा हिन्दुओं का बहुत महत्वपूर्ण और मायने रखने वाला त्यौहार है।इस पर्व का महत्व पारंपरिक और धार्मिक रुप से बहुत ज्यादा है।भारतीय लोग इसे बहुत उत्साह और भरोसे से मनाते है। वही समाजसेवी माया जैसवाल ने बताया कि ये पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत को भी प्रदर्शित करता है अर्थात् पाप पर पुण्य की जीत।लोग इसे कई सारे रीति-रिवाज और पूजा-पाठ के द्वारा मनाते है।धार्मिक लोग और भक्तगढ़ पूरे दिन व्रत रखते है। कुछ लोग इसमें पहले और आखिरी दिन व्रत रखते है तो कुछ देवी दुर्गा का आशीर्वाद और शक्ति पाने के लिये इसमें पूरे नौ दिन तक व्रत रखते है। दसवें दिन लोग असुर राजा रावण पर राम की जीत के उपलक्ष्य में दशहरा मनाते है।दशहरा का पर्व हर साल सितंबर और अक्तूबर के अंत में दीवाली के दो सप्ताह पहले आता है। वही पत्रकार ज्योति केशरी ने बताया कि देश के कई बरसों में दशहरा को मनाने का रीति-रिवाज और परंपरा अलग-अलग है।कई जगहों पर पूरा दस दिन के लिए मनाया जाता है, मंदिर के पुजारियों द्वारा मंत्र और रामायण की कहानियां भक्तों की बड़ी भीड़ के सामने सुनाई जाती है साथ ही कई जगहों पर रामलीला का आयोजन 7 दिन या मौसम तक किया जाता है। सारे शहर में रामलीला का आयोजन होता है।राम लीला पौराणिक महाकाव्य,रामायण का एक लोकप्रिय अधिनियम है। ऐसा माना जाता है कि महान संत तुलसीदास ने राम,राम की परंपरा शुरू की,जो भगवान राम की कहानी के अधिनियम था।उनके द्वारा लिखी गई रामचरितमानस आज तक रामलीला प्रदर्शन का आधार बनाती हैं। रामनगर राम लीला (वाराणसी में) सबसे पारंपरिक शैली में अधिनियमित किया गया है।

# नेताजी को बचा लीजिए अखिलेश भैया, मुलायम के लिए फूट-फूटकर रोया सपा समर्थक, दुआओं का दौर जारी



सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। उनकी सेहत में किसी प्रकार का सुधार फिलहाल नहीं नजर आ रहा है। एक तरफ उनके लिए दुआओं का दौर जारी है तो दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी की ओर से मना करने के बाद भी समर्थकों का रेला गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पर पहुंच रहा है। एक समर्थक तो अस्पताल के बाहर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को देखकर फूट-फूटकर रोने लगा। रोते-रोते ही कहा कि भैया नेताजी को बचा लीजिये। अखिलेश ने उस ढांढ़स बंधाया और कहा अरे अरे बस। अखिलेश ने यह भी कहा कि नेताजी ठीक हो जाएंगे। अस्पताल पर मौजूद सपा कार्यकर्ता मुलायम के लिए अपना अंग भी दान करना चाहते हैं। उनका कहना है कि हम पूरी तरीके से नेताजी के साथ खड़े हैं. जरूरत पड़ने पर अगर अपने अंग भी देने पड़े तो भी हम तैयार हैं। हमारे नेता जी ने गरीबों के लिए बहुत कुछ किया है। हम सबके लिए यह वक्त बहुत दुखद है।

हम सबकी दुआ नेता जी के साथ है। अगस्त से ही मेदांता में भर्ती मुलायम की हालत पिछले शनिवार को क्रिटिकल हो गई। इसके बाद उन्हें पहले आईसीयू फिर सीसीयू इसके बाद दोबारा आईसीयू में रखा गया। इस समय भी वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। गुरुवार दोपहर मेदांता अस्पताल की ओर से उनका चौथा हेल्थ बुलेटिन जारी किया गया। इसमें बताया गया है, मुलायम सिंह की हालत अभी भी क्रिटिकल है। उनको लाइफ सेंविग्स ड्रग्स दी जा रही है। मुलायम की तबीयत क्रिटिकल होने के बाद से ही अखिलेश, डिंपल, शिवपाल समेत पूरा परिवार दिल्ली और गुरुग्राम में जमा है। बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राजद प्रमुख लालू यादव अपने बेटे बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ मुलायम का हाल जानने पहुंचे थे। हालांकि अस्पताल से निकलने पर लालू प्रसाद यादव ने कहा कि नेताजी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। जब उनसे पूछा गया कि मुलायम सिंह यादव अस्पताल से कब तक डिस्चार्ज होंगे, तो लालू ने कहा कि यह डॉक्टरों पर निर्भर है। वहीं, मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुलायम सिंह की हालत पहले से गंभीर है। अभी कुछ कहना ठीक नहीं है।

# पत्नी को मारकर गड्ढे में दफनाया, कहा- प्रेमी संग भाग गई, 50 हजार रुपये के लिए बड़े भाई ने खोल दी पोल



यूपी के संभल जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को अवैध संबंधों के चलते मार डाला। इसके बाद परिवार के साथ मिलकर उसके शव को भूसे की बोंगी के पास गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। शव दफन हुए सात महीने बीत गए थे। शव पूरी तरह से गल चुका था। इसके बारे में जब महिला के परिवार वालों ने पूछा तो पति ने उसको प्रेमी संग भाग जाने की बात कह दी। एक दिन भाई-भाई में बंटवारे को लेकर झगड़ा हुआ तो बड़े भाई ने छोटे भाई की पोल खोलकर रख दी। उसने अपने छोटे भाई के ससुर को बताया कि उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है। फिर क्या था पुलिस पहुंची और शव को गड्ढा खोदकर निकलवाया गया। कंकाल मिलने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारे पति समेत दो लोगों को हिरासत में लिया है। मामला गांव सिंकन्दरपुर खागी गांव का है। यहां के रहने वाले प्रमोद ने मार्च महीने में अपनी पत्नी सरोज की अवैध संबंधों के चलते हत्या कर शव को घर में ही भूसे की बोंगी के पास गड्ढा खोदकर दबा दिया था। प्रमोद ने अपनी ससुराल में बता दिया था कि सरोज अलीगढ़ के अस्पताल अपने प्रेमी के साथ भाग गई। गुरुवार को प्रमोद का उसके बड़े भाई बंटी से बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो बंटी ने भाभी सरोज की हत्या का राज खोल दिया। बंटी ने सरोज के पिता को बताया कि प्रमोद ने सरोज की हत्या कर शव दबा दिया है। बंटी और मृतिका का पिता थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी पवन कुमार टीम को लेकर गांव पहुंच गए और प्रमोद व उसके परिजनों को पकड़ लिया।

### पति ने कबूली वारदात बरामद कराया शव

पुलिस ने सख्ती की तो प्रमोद ने पत्नी की हत्या की बात कबूल कर ली। प्रमोद ने बताया कि किस जगह उसने पत्नी की लाश को दबाया था। पुलिस ने वहां गढ्ढा खुदवाया, तो वहां से कंकाल मिला। सात महीने में शव पूरी तरह से गल गया था। पुलिस ने कंकाल को गढ्ढे से निकलवाया और सरोज के पति समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि अवैध संबंधों के चलते महिला की हत्या कर शव घर में दबा दिया था। गड्ढा खुदवाकर कंकाल बरामद किया है। पूछताछ करने के लिए दो लोग हिरासत में लिए हैं। घटना के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### पचास हजार नहीं देने पर भाई ने सात महीने बाद खोला हत्या का राज

रजपुरा क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर खागी निवासी प्रमोद की पत्नी सरोज अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। बाद में सरोज को बरामद कर लिया गया था। सरोज के दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंधों के चलते पति-पत्नी में विवाद रहता था। प्रमोद ने मार्च महीने में अपनी पत्नी सरोज की हत्या कर दी। उसने शव को घर के पास ही गडढ़ा खोदकर दबा दिया। यह बात प्रमोद के भाई बंटी सहित कई लोगों को पता थी। प्रमोद ने ससुरालियों को गुमराह कर दिया कि सरोज अलीगढ़ अस्पताल से उपचार के दौरान अपने प्रेमी के साथ भाग गई। मायके पक्ष के लोग बदनामी के डर से चुप रहे। प्रमोद का उसके भाई बंटी से पुराने ट्रैक्टर को बेचने के बाद पचास हजार रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था। प्रमोद ने बंटी के हिस्से के पचास हजार रूपए नहीं दिये तो बंटी ने सच्चाई सरोज के मायके पक्ष के लोगों को बता दी। अगर प्रमोद के परिवार में विवाद नहीं होता, तो सरोज की हत्या का राज कभी नहीं खुल पाता।

### पुलिस के पहुंचने पर जुटी भीड़

सिकंदरपुर खागी में गुरुवार दोपहर को थाना पुलिस पहुंची,तो लोगों की भीड़ जुट गई। प्रमोद के घर में भूसे की बोंगी के पास गड्ढा खोदा जाने लगा। ग्रामीणों को जानकारी हुई कि प्रमोद ने अपनी पत्नी सरोज को मारकर दबा दिया है, तो ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जब गढ्ढे से सरोज का कंकाल बरामद हुआ, तो ग्रामीण भी आश्चर्यचकित रह गए। कंकाल बरामद होने के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।